


## चप्पल निकालने उतरा किशोर डूबने लगा तो बचाने कूदा युवक भी डूबा

**▶ शिप्रा नदी में दर्दनाक हादसा: एक घंटे की मशक्कत के बाद मिले दोनों शव, नारायणखेड़ी में गमगीन माहौल**

**महिदपुर। शिप्रा नदी में शुक्रवार को हुए दर्दनाक हादसे में दो लोगों की डूबने से मौत हो गई। दोनों मृतक एक ही गांव नारायणखेड़ी के निवासी थे। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई।**

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बड़ी पुल के समीप शिप्रा नदी में बड़ी पुल के समीप पानी सप्लाई का कार्य करने वाले 14 वर्षीय आयुष पिता अशोक की चप्पल नदी में गिर गई थी। चप्पल निकालने के लिए आयुष नदी में उतरा, लेकिन गहरे पानी में जाने से वह डूबने लगा। आयुष को बचाने के लिए गांव के ही ही 25 वर्षीय आशाराम पिता भुवानजी तत्काल नदी में कूद गए, लेकिन पानी अधिक गहरा होने के कारण वे भी डूब गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस एवं होमगार्ड की बाढ़ आपदा राहत टीम मौके पर पहुंची। टीम प्रभारी जौहर हुसैन, होमगार्ड सैनिकों, पर्वतखेड़ा के ग्रामीण तैराकों तथा पुलिस बल ने संयुक्त रूप से तलाश अभियान चलाया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद दोनों के शव नदी से बाहर निकाले गए। हादसे की खबर फैलते ही शव नदी से बाहर निकालने के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण व नगरवासी एकत्र हो गए। बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं नगरवासी घटनास्थल पर एकत्र हो गए। मृतकों की पहचान आयुष (14) पिता अशोक तथा आशाराम (25) पिता भुवानजी, दोनों निवासी नारायणखेड़ी के रूप में हुई। शवों को शासकीय चिकित्सालय लाया गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इधर नारायणखेड़ी में दोनों का अंतिम संस्कार एक साथ किया गया। गांव में दो लोगों की आकस्मिक मृत्यु से माहौल गमगीन बना रहा। बताया जा रहा है कि मृतक आशाराम का विवाह लगभग एक माह पहले ही हुआ था।








## शिव महापुराण कथा का विश्राम, चल समारोह में उमड़े श्रद्धालु

**महिदपुर। अधिक मास के पावन अवसर पर श्री केदारेश्वर महादेव मंदिर, जेल परिसर में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा का शुक्रवार को विधिवत विश्राम हुआ।**

कथा समापन के अवसर पर नगर में भव्य चल समारोह निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चल समारोह बैंड-बाजों एवं ढोल के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकला। मार्ग में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के जयकारों के साथ धर्ममय वातावरण का निर्माण किया। कथा के दौरान प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर भगवान शिव की महिमा का श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त करते रहे। कथा का वाचन प्रसिद्ध कथावाचक शास्त्री अंकित रावल द्वारा किया गया। उन्होंने शिव महापुराण के विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति एवं सदाचार का संदेश दिया। आयोजन के अंतर्गत भगवान शिव का विशेष अभिषेक, पूजन-अर्चन एवं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान श्रद्धा और वैदिक विधि-विधान के साथ संपन्न हुए। कथा विश्राम एवं चल समारोह के साथ ही सप्ताहभर चला यह धार्मिक आयोजन भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ।



## एक नजर में

### जन कल्याण शिविर का आयोजन



**घट्टिया।** जनपद पंचायत घट्टिया प्रांगण में शासन के निर्देशानुसार डॉ. अम्बेडकर भवन में दो दिवसीय विकासखंड स्तरीय ज़न कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। उक्त आयोजित शिविर में शासन की योजनाओं से वंचित जन समस्याओ जैसे पेंशन, आवास आदि को लेकर आए कुल 40 आवेदनों के तत्वरित निराकरण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किए गए। शिविर के मुख्य अतिथि भाजपा मण्डल पानबिहार अध्यक्ष विक्रम सिंह आंजना थे, अध्यक्षता भाजपा मंडल घट्टिया अध्यक्ष लोकेन्द्र सिंह सोलंकी ने की व विशेष अतिथि मण्डल महामन्त्री देवेन्द्र सिंह आंजना थे। साथ ही शिविर में कृषि स्पाईलर ग्रिडर कृषि यंत्र योजना अंतर्गत हितग्राहियों को यंत्र वितरित किए गए। साथ ही स्वाईल हेल्थ कार्ड वितरित किए गए। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजाराम करजरे, जनपद सीइओ जीएस मुझालदा, सरपंच यशवंत मालवीय, भंवरसिंह सोलंकी, किशोरसिंह सोलंकी, गोविंद पाटीदार आदि उपस्थित थे। आभार जनपद सीइओ जीएस मुझालदा ने माना।

### उज्जैन उत्तर विधानसभा के वरिष्ठजनों का स्वागत



**उज्जैन।** लोकतंत्र सेनानियों के त्याग और समर्पण के कारण ही आज हमारा लोकतंत्र जिंदा है और मजबूती के साथ देश के सबसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विश्वगुरु बनने की और अग्रसर हो रहा है। उक्त बात उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने मोदी के बारह वर्ष पूर्ण करने के अवसर पर समाज सेवियों के अभिनंदन और सम्मान के तहत व्यक्त किये। लोकतन्त्र सेनानी नृसिंह पंवार ने भावविभोर होकर उस काले अध्याय का स्मरण किया जो कांग्रेस के द्वारा बेगुनाह लोगों को निशा जैसा कानून लाकर जेल में डाला गया। संविधान विरोधी कांग्रेस अब संविधान की बात करती है। इस अवसर पर जिला महामंत्री जगदीश पांचाल, मंडल अध्यक्ष रितेश जटिया, प्रभारी सुभाष डोडिया, महामंत्री शानू मेहता, धर्मेन्द्र सिंह परिहार, पार्षद भूरू भैय्या, सचिन नामदेव, भास्कर सोनी, जितेंद्र भाटी, बालमुकुंद मीणा, संजय कोरट, राजकुमार मालवीय, दुर्गेश मालवीय, रवि लोट, अनिल श्रीवास्तव, पुष्पराज गुरु, प्रसाद राजदीप पटेल, राधेश्याम चौधरी, सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### माधव विज्ञान महाविद्यालय के 4 एनसीसी कैडेट्स अग्निवीर बने, हुआ सम्मान



**उज्जैन।** शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय की 2 मप्र बटालियन एनसीसी के चार कैडेट्स का अग्निवीर में चयन हुआ है। महाविद्यालय परिवार द्वारा चयनित कैडेट्स अभिषेक चौहान, यशपाल सिंह राठौर, दीपेंद्र राय और ब्रजराज पाटीदार का सम्मान किया गया। प्राचार्य डॉ. हरीश व्यास ने इस उपलब्धि को कैडेट्स के अथक परिश्रम, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि कैडेट्स ने परिवार, महाविद्यालय और एनसीसी की परंपरा को गौरवान्वित किया है। प्रशासनिक अधिकारी डॉ. आरके तिवारी ने कहा कि यह सफलता दर्शाती है कि सही मार्गदर्शन और समर्पण से युवा राष्ट्रीय सुरक्षा व विकास में अहम योगदान दे सकते हैं। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. प्रमिला बघेल ने कैडेट्स का सम्मान कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। अपनी सफलता पर कैडेट्स ने 2 मप्र बटालियन के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव थापा और लेफ्टिनेंट डॉ. प्रमिला बघेल के मार्गदर्शन को श्रेय दिया। लेफ्टिनेंट कर्नल थापा ने कहा कि यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। चयनित कैडेट्स सशस्त्र बलों में सेवाएं देकर राष्ट्र की सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। कार्यक्रम में डॉ. शशि जोशी, डॉ. केके कुंभकार, सूबेदार मेजर हनुमत सिंह सहित पीआई स्टाफ और एनसीसी कैडेट्स उपस्थित थे।

### नजमी ग्रुप के नव वर्ष मिसरी 1448 कैलण्डर का विमोचन किया

**उज्जैन।** दाऊदी बोहरा समाज का नया साल 1448 मिसरी (हिजरी) कैलेंडर के अनुसार 15 जून से शुरू हो रहा है। नए साल के उपलक्ष में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नजमी ग्रुप उज्जैन द्वारा 1448 मिसरी कैलण्डर का विमोचन का कार्यक्रम रखा गया। गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के अध्यक्ष केबिनेट मन्त्री का दर्जा प्राप्त ओम जैन के आतिथ्य में कैलेंडर का विमोचन किया गया। नजमी ग्रुप के ख़ोज़ेमा चांदाभाई वाला ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष हिजरी और अंग्रेज़ी कैलण्डर समाजजनो को ग्रुप के माध्यम से निःशुल्क वितरित किया जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत में बोहरा समाज के हाजी मुल्ला कुतुब फातेमी, शेख़ ज़ाकिर भाई शियावाला, शेख शब्बर भाई नोबल हार्डवेयर वाला, मोईज़ भाई फ्रीगंज वाला, खोज़ेमा प्रेसवाला, मोईज़्दीन लट्टावाला ने ओम जैन का पुष्प गुच्छ, शाल एवं मोतियों की माला से स्वागत किया। समाजजनों ने ओम जैन को मप्र हाउसिंग बोर्ड का चेयरमैन नियुक्त करने पर मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया।

## ग्राम पिपलिया राघौ में चेक डैम का जीर्णोद्धार किया

**उज्जैन।** जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपलियाराघौ में चेक डेम के सफल जीर्णोद्धार की अद्भुत मिसाल सामने आई है। ग्रामवासियों, पंचायत टीम और कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास से गाद निकासी, झाड़-झंखाड़ हटाने तथा अन्य आवश्यक कार्य पूर्ण कर चेक डेम को पुनः जीवंत कर दिया गया है। इस कार्य के तहत ग्राम पंचायत पिपलियाराघौ के चेक डेम में गाद भरी होने के कारण जल संरक्षण की क्षमता प्रभावित हो गई थी। जन-आंदोलन के रूप में ग्रामीणों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी। ग्राम पंचायत सरपंच के नेतृत्व में ग्रामीणों ने स्वयं श्रमदान कर गाद निकाली और झाड़ियां हटाई। इससे न केवल चेक डेम की पुरानी क्षमता बहाल हुई, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्धन की नई मिसाल भी स्थापित हुई। अनुमानित लागत मात्र 0.03 लाख रुपये रही, कार्य विगत 11 मई 2026 को प्रारंभ होकर 15 मई 2026 को पूर्ण किया गया तथा इस दौरान 2 क्विंटल गाद/कचरा निकाला गया। बिफोर एवं आफ्टर तस्वीरों में स्पष्ट दिख रहा है कि कैसे गाद भरा चेक डेम स्वच्छ व क्रियाशील रूप में परिवर्तित हो गया। इस सफलता की कहानी सिर्फ एक चेक डेम की सफाई नहीं, बल्कि ग्रामीणों के जागरूकता, सामूहिकता और प्रकृति सेवा की भावना का प्रतीक है। ग्रामीणों ने साबित कर दिया कि प्रकृति की सेवा ही परमात्मा की सेवा है। आशा है कि पिपलियाराघौ की यह मिसाल अन्य गांवों के लिए भी प्रेरणा स्रोत बनेगी। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ऐसे और कार्यों को गति दी जाएगी ताकि हर बूंद पानी की महत्वपूर्णता को मजबूत किया जा सके।






## घट्टिया में पशु बांझपन निवारण शिविर आयोजित

**घट्टिया।** पशु पालन विभाग द्वारा गुरुवार को ग्राम पंचायत घट्टिया के प्रांगण में पशु बांझपन निवारण शिविर का आयोजन खंड पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरआर शाक्य की उपस्थिति में आयोजित किया गया। उक्त शिविर में कुल 142 पशुओं का स्वास्थ्य परिक्षण कर बांझपन निवारण, कृत्रिम गर्भाधान किया गया। साथ ही पशुओं के नियमित टीकाकरण की जानकारियां भी प्रदान की। पशुपालन विभाग के एवीएफओ इंद्रकुमार पटेल, पंकज प्रजापत, पशुधन संजीवनी टीम के सचिन पाटीदार, कैलाश चौहान आदि ने पशुओं का स्वास्थ्य परिक्षण कर बांझपन निवारण हेतु जानकारियां प्रदान की। कार्यक्रम में सरपंच यशवंत मालवीय, पशुपालक राजेश, गोकुल, अमर सिंह आदि उपस्थित थे।

## किसानों को प्राकृतिक खेती की सलाह दी

**घट्टिया।** जनपद पंचायत घट्टिया में खण्डस्तरीय जन कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विकसित भारत 2047 (वी.बी.आर.जे.आर.) योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। योजना की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिए ब्रोशर एवं पम्पलेट का वितरण किया गया। इसी क्रम में गत दिवस को विकास खण्ड खाचरोद की ग्राम पंचायत गुला एवं करौंदिया में खेत बचाओ अभियान अंतर्गत एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दलहन विकास निदेशालय, भारत सरकार के प्रतिनिधि सरजू, कृषि विज्ञान केंद्र उज्जैन की वैज्ञानिक डॉ. रेखा तिवारी, परियोजना संचालक आत्मा केएस कैन, ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर बाबूलाल, कृषि विस्तार अधिकारी राधेश्याम सहित स्थानीय किसान भाई उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के दौरान कृषि विशेषज्ञों ने उपस्थित किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने, फसल चक्र का पालन करने, संतुलित उर्वरकों के उपयोग, ई-टोकन के माध्यम से खाद वितरण तथा मिट्टी परीक्षण कराने की विस्तृत जानकारी दी तथा इनका लाभ उठाने की सलाह दी। यह कार्यक्रम किसानों की आय बढ़ाने, मिट्टी की सेहत सुधारने तथा टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से किसान भाइयों को नवीनतम कृषि तकनीकों से जोड़ने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

## पाराशर को सारस्वत जीवन गौरव सम्मान

**उज्जैन।** प्रबोधक आचार्य शैलेंद्र पाराशर को उनकी शिक्षा एवं समाज को समर्पित दीर्घकालीन सेवाओं के लिए %सारस्वत जीवन गौरव सम्मान 2026 से अलंकृत किया गया है। देवास स्थित विंध्याचल अकादमी में आयोजित तीन दिवसीय शिक्षक-प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर अकादमी के संचालक दिनेश गुप्ता और प्राचार्य मानसी दिघे ने आचार्य पाराशर को शॉल, श्रीफल और अभिनंदन-पत्र भेंट कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षकों का मार्गदर्शन करते हुए आचार्य पाराशर ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान नहीं देता, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाता है। विद्यार्थी की अंतर्निहित शक्तियों को जागृत करना ही वास्तविक शिक्षा है। उन्होंने प्रशिक्षण के तीन प्रमुख विषयों परानुभूति, आत्म-नियमन और मानसिक स्वास्थ्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि छात्र की स्थिति और उसकी पीड़ा को उसके दृष्टिकोण से समझना ही परानुभूति है। मन पर नियंत्रण रखना तथा स्वयं की कमियों और गुणों का चिंतन करना आत्म-नियमन कहलाता है। वहीं, मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाने के लिए उन्होंने योग, आसन, प्राणायाम और ध्यान को जीवन में उतारने की सलाह दी। आचार्य पाराशर ने शिक्षकों को सफलता के तीन सूत्र देते हुए कहा कि शिक्षक में हमेशा नया सीखते रहने की प्रवृत्ति होनी चाहिए। उन्हें विद्यार्थियों के प्रति संवेदनशील और करुणाशील रहना चाहिए। एक शिक्षक स्वस्थ मानसिकता, उत्तम आचरण, अनुशासन और चरित्र के माध्यम से ही विद्यार्थियों के लिए सच्चा प्रेरणा स्रोत बन सकता है। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ अकादमी के संचालक दिनेश गुप्ता और मुख्य अतिथि आचार्य पाराशर ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापिका जसविंदर कौर गांधी ने अतिथि परिचय एवं स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ और शिक्षकगण उपस्थित थे।



## भागवत कथा में भगवान को छप्पन की जगह लगा 156 पकवानों का भोग

**उज्जैन। सिंधु सेना द्वारा सिंधी कॉलोनी में आयोजित भागवत कथा में श्री मुकुंदाचार्य महाराज ने गोवर्धन महोत्सव व बाल लीलाओं का वाचन किया। कथा के दौरान भगवान को छप्पन भोग के स्थान पर भक्तों द्वारा 156 प्रकार के पकवानों का विशेष भोग लगाया गया।**

भगवान के मंगलमय दर्शन के पश्चात श्रद्धालुओं को केसर एवं ड्राई फ्रूट युक्त खीर प्रसादी के रूप में वितरित की गई। कथा का वाचन करते हुए मुकुंदाचार्य महाराज ने कहा कि भगवान जिस प्रकार गोवर्धन पर्वत उठाते हैं, उसी प्रकार वे मनुष्यों के अहंकार का भी हरण करते हैं। अपनी बाल लीलाओं से भगवान जहां भक्तों को आनंदित करते हैं, वहीं उनके जीवन से अहंकार को दूर करते हैं। आयोजन में किशोर मुलानी, समाजसेवी राजकुमार परसवानी, संतोष लालवानी, गिरधारी लालवानी, नरेंद्र सबनानी, महेश चांदवानी, रितेश लालवानी, विनोद मुलानी, मनोज रोचवानी, राम कुमरावत, अमित सोलंकी, नीलम, राजा कालरा, दीपक सामतानी, ललित थावानी, लालू नागवानी, विशाल चंदनानी तथा मातृशक्ति में सुशीला परियानी, माया मुलानी, रोशनी मुलानी, काम्या लालवानी, डिंपल मुलानी, योगिता रोचवानी सहित बड़ी संख्या में समाजजनों ने कथा का रसपान किया।

## उन्हेल स्टेशन की टीम ने विजय प्राप्त कर खिताब अपने नाम किया

**उन्हेल।** ग्राम पासलोद में अलबेला क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 32 टीमों के भव्य नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला शुक्रवार, 12 जून को रात्रि 9 बजे पासलोद एवं उन्हेल स्टेशन की टीमों के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्हेल स्टेशन की टीम ने विजय प्राप्त कर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम उन्हेल स्टेशन को 31,000 रुपए नगद एवं ट्रॉफी, जबकि उपविजेता अलबेला क्रिकेट क्लब पासलोद को 16,000 रुपए नगद एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी उन्हेल मंडल अध्यक्ष राजकुमार जैन एवं शाहनवाज़ुद्दीन कुरैशी उपस्थित रहे। वहीं विशेष अतिथि के रूप में उन्हेल थाना प्रभारी संतोष कुमार चौहान, राजोटा सरपंच रतन पटेल, ग्राम पंचायत पासलोद सरपंच प्रतिनिधि जीवन मालवीय, भाजपा युवा नेता नारद खींची, बद्रीलाल आईसर, गोपाल टंडन, दीपक पाल, कमल राठौड़, अर्जुन पटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के महत्व पर प्रकाश डाला। मंडल अध्यक्ष राजकुमार जैन, शाहनवाजुद्दीन कुरैशी एवं अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों तथा बड़ी संख्या में उपस्थित दर्शकों को संबोधित कर खेलों के माध्यम से युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा उन्हेल मंडल अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत पासलोद के उपसरपंच शकील शाह ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों, आयोजकों, ग्रामवासियों एवं दर्शकों का आभार व्यक्त करते हुए टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे, जिससे पूरे आयोजन का माहौल उत्साह और खेल भावना से सराबोर रहा।




## एक नजर ▶ शिक्षक बने डिजिटल रूप से आत्मनिर्भर

## राष्ट्र भारती स्कूल की शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का अनोखा नवाचार

**उज्जैन।** बदलते शैक्षिक परिवेश में शिक्षक की भूमिका अब केवल कक्षा तक सीमित नहीं रह गई है। विद्यार्थियों तक प्रभावी ढंग से पहुंचने के लिए शिक्षकों को विषय ज्ञान के साथ-साथ डिजिटल और व्यवहारिक कौशलों में भी दक्ष होना आवश्यक है।

इसी उद्देश्य से राष्ट्र भारती स्कूल में शिक्षकों के लिए विशेष शिक्षक प्रबोधन एवं कौशल विकास कार्यशाल का आयोजन किया गया। कार्यशाला का सबसे महत्वपूर्ण परिणाम यह रहा कि विद्यालय के लगभग सभी शिक्षक अब अपने प्रश्नपत्र स्वयं टाइप करने में सक्षम हो गए हैं। शिक्षक स्वयं पोस्टर, इमेज एवं प्रेरक वीडियो तैयार कर रहे हैं तथा वॉइस टाइपिंग का प्रभावी उपयोग करना भी सीख चुके हैं। संस्कृत, हिंदी तथा अन्य विषयों के शिक्षक भी ए.आई. आधारित तकनीकों का आत्मविश्वास के साथ उपयोग कर रहे हैं। । प्राचार्य मयूरी वैरागी ने बताया कि कार्यशाला के समापन सत्र में जब शिक्षकों ने अपने द्वारा अर्जित कौशलों का प्रदर्शन किया तो परिणाम अत्यंत उत्साहजनक रहे। अनेक शिक्षकों ने स्वयं तैयार किए गए पोस्टर, वीडियो, एवं इमेज इमेज निर्माण ,समाचार लेखन प्रशिक्षण रिपोर्ट तथा डिजिटल प्रस्तुतियों का प्रदर्शन किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. गिरीश पंड्या ने कहा कि आज के समय में शिक्षक का केवल बाह्य और आंतरिक व्यक्तित्व ही नहीं, बल्कि उसका डिजिटल व्यक्तित्व भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। सोशल मीडिया पर हमारी अभिव्यक्ति, व्यवहार और प्रस्तुतिकरण को विद्यार्थी निरंतर देखते और समझते हैं। समापन अवसर पर आयोजित प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों में प्रेस रिपोर्ट एवं समाचार लेखन प्रशिक्षण हर्षदीप नाईक , एआई की सहायता से पोस्टर, निमंत्रण पत्र में माधुरी रावल, पीडीएफ फाईल एवं प्रबंधन कुणाल श्रीवास्तव, प्रश्न पत्र नोटिस एवं अन्य शैक्षणिक दस्तावेजों की टाइपिंग दिव्या सेन को प्रोत्साहित किया गया।



## वर्षाकाल में पौधारोपण, योग और नारी जागरण के वृहद अभियान चलाएगा गायत्री परिवार

**उज्जैन।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से गायत्री शक्तिपीठ पर जिला स्तरीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें जिले की 11 तहसीलों से आए समन्वयकों और परिजनों की उपस्थिति में आगामी वर्षाकाल के दौरान एकरूपता से किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के विचारों को साझा करते हुए परिजनों से आव्हान किया गया कि युग निर्माण के संकल्प को पूरा करने के लिए बादलों की तरह समर्पित भाव से घरों से निकलकर कार्य करें। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सभी संस्थानों में योग जागरूकता शिविर लगाए जाएंगे। 24 जून को गायत्री जयंती और गुरुदेव के महाप्रयाण दिवस पर प्रज्ञा संस्थानों में पांच व नौ कुंडीय आयोजनों के साथ विभिन्न संस्कार संपन्न कराए जाएंगे। 15 जुलाई को गुप्त नवरात्रि से जिले भर में वृहद स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा। । 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा पर सभी प्रज्ञा संस्थानों में यज्ञ आयोजनों के साथ विशेष रूप से दीक्षा संस्कार संपन्न होंगे। वहीं 28 अगस्त को श्रावणी पर्व रक्षाबंधन पर सभी संस्थानों में हेमाद्रि संकल्प, तर्पण और यज्ञोपवीत परिवर्तन के कार्यक्रम होंगे। गोष्ठी उपजोन समन्वयक प्रभाकर सोनोने और जिला समन्वयक रामप्रसाद सरिया की उपस्थिति में संपन्न हुई।